Jaya Jagadīsha Ārati

जय जगदीश आरती

ॐ जय जगदीश हरे   स्वामी जय दीननाथ हरे ।

भक्तजनों के सङ्कट दासजनों के सङ्कट   क्षण में दूर करे । ॐ जय जगदीश हरे ॥

Om jaya Jagadīśa hare

Svāmī jaya dīnanātha hare।

bhaktajanoṁ ke saṅkaṭa

dāsajanoṁ ke saṅkaṭa

kṣaṇa meṁ dūra kare ।   Om jaya Jagadīśa hare ।।

जो ध्यावे फल पावे   दुःख बिनसे मन का- स्वामी दुःख बिनसे मन का ।

सुख सम्पति घर आवे   कष्ट मिटे तन का । ॐ जय जगदीश हरे ॥

jo dhyāve phala pāve

duḥkha binase mana kā -

Svāmī duḥkha binase mana kā।

sukha sampati ghara āve

kaṣṭa miṭe tana kā ।   Om jaya Jagadīśa hare ।।

मातपिता तुम मेरे   शरण गहुँ मैं किसकी – स्वामी शरण गहुँ मैं किसकी ।

तुम बिन और न दूजा   प्रभु बिन और न कोई

आस करुँ मैं जिसकी । ॐ जय जगदीश हरे ॥

mātapitā tuma mere

śaraṇa gahum̐ maiṁ kisakī –

Svāmī śaraṇa gahum̐ maiṁ kisakī

tuma bina aura na dūjā

prabhu bina aura na koī

āsa karum̐ maiṁ jisakī ।   Om jaya Jagadīśa hare ।।

तुम पूरण परमात्मा   तुम अन्तर्यामी – स्वामी तुम अन्तर्यामी ।

परब्रह्म परमेश्वर (२)   तुम सब के स्वामी। ॐ जय जगदीश हरे॥

tuma pūrana paramātmā

tuma antaryāmī - Svāmī tuma antaryāmī ।

parabrahma parameśvara (2)

tuma saba ke Svāmī ।   Om jaya Jagadīśa hare ।।

तुम करुणा के सागर   तुम पालनकर्ता– स्वामी तुम पालनकर्ता।

मैं मूरख खल कामी   मैं सेवक तुम स्वामी

कृपा करो भरता। ॐ जय जगदीश हरे॥

tuma karuṇā ke sāgara

tuma pālanakartā - Svāmī tuma pālanakartā।

maiṁ mūrakha khalakāmī

maiṁ sevaka tuma Svāmī

kṛpā karo bharatā ।   Om jaya Jagadīśa hare ।।

तुम हो एक अगोचर   सब के प्राणपती – स्वामी सब के प्राणपती।

किस विध मिलूँ दयामय   किस विध मिलूँ कृपामय

तुमको मैं कुमति। ॐ जय जगदीश हरे॥

tuma ho eka agocara

saba ke prāṇapatī - svāmī saba ke prāṇapatī ।

kisa vidha milūm̐ dayāmaya

kisa vidha milūm̐ kṛpāmaya

tumako maiṁ kumati ।   Om jaya Jagadīśa hare ।।

दीनबन्धु दुःख हरता तुम रक्षक मेरे - स्वामी तुम रक्षक मेरे ।

अपने हाथ उठाओ अपने चरण बढाओ

द्वार पडा मैं तेरे । ॐ जय जगदीश हरे ॥

dīnabandhu duḥkha haratā

tuma rakṣaka mere - Svāmī tuma rakṣaka mere ।

apane hātha uṭhāo - apane caraṇa baḍhāo

dvāra paḍā tere । Om jaya Jagadīśa hare । ।

विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा - स्वामी पाप हरो देवा ।

श्रद्धा भक्ति बढाओ श्रद्धा प्रेम बढाओ

सन्तन की सेवा । ॐ जय जगदीश हरे ॥

viṣaya vikāra miṭāo

pāpa haro devā – Svāmī pāpa haro devā।

śraddhā bhakti baḍhāo

śraddhā prema baḍhāo

santana kī sevā । Om jaya Jagadīśa hare । ।

तन मन धन सब तेरा सब कुछ है तेरा - स्वामी सब कुछ है तेरा ।

तेरा तुझको अर्पण (२) क्या लागे मेरा । ॐ जय जगदीश हरे ॥

tana mana dhana saba terā

saba kucha hai terā - Svāmī saba kucha hai terā ।

terā tujhako arpaṇa (2)kyā lāge merā । Om jaya Jagadīśa hare । ।